R-44

# M.Phil. (Hindi) Entrance Examination – 2018

**Time : 2 Hours** **Max. Marks : 80**

**प्रवेश-पत्र संख्या / Hall Ticket No. ____________________**

## अनुदेश/Instructions :

कृपया इस पृष्ठ तथा ओ.एम.आर. उत्तर-पुस्तिका पर अपनी प्रवेश-पत्र संख्या **जरूर लिखें** ।

Please enter your Hall Ticket Number on this page and also on the OMR answer sheet **without fail before answering the questions.**

ओ.एम.आर. उत्तर-पुस्तिका पर दिए गए निर्देशों के अनुसार प्रश्नों के उत्तर ओ.एम.आर. शीट पर ही लिखे जाने चाहिए ।

Answers are to be marked on the OMR answer sheet only following the instruction provided there upon.

- प्रश्न-पत्र में कुल 80 वैकल्पिक-प्रश्न दिए गए हैं जो दो भागों में -- भाग-ए (40 प्रश्न) और भाग-बी (40 प्रश्न) -- विभाजित हैं । भाग-ए के प्रश्नों के लिए 'नेगेटिव मार्किंग' (Negative marking) है । इसलिए भाग-ए के हर गलत उत्तर के लिए **कुल प्राप्त अंकों (भाग-ए और भाग-बी) में से 0.33 अंक काट दिये जाएंगे** ।

The question paper consists of 80 objective type question divided into Part-A (40 Questions) and Part-B (40 Questions) and there will be negative marking of 0.33 marks for every wrong answer for questions of Part –A. whereas Part-B does not have any negative marking. The negative marks will be deducted from the total marks obtained (i.e. Part-A and Part-B)

## M Phil (Hindi) Entrance Examination -2018

सूचना : निम्नलिखित प्रश्नों के चार वैकल्पिक उत्तर दिए गए हैं जिनमें से केवल एक उत्तर सही है । सही उत्तर चुनकर OMR Sheet पर यथास्थान चिह्नित कीजिए।

### Part - A

1. अनुसंधान की रूपरेखा किसे कहते हैं --

(A) शोध करने की पद्धति

(B) आगमन और निगमन प्रणालियाँ

(C) शोध प्रबंध में प्रस्तुत होनेवाली सारणियाँ

(D) तथ्यों का संग्रह और विश्लेषण की योजना

2. 'कोबोल' इस तरह की भाषा है ---

(A) सिनो-टिबेटन (B) अट्लांटिक-कांगो

(C) संगणक की (D) संकलन की

3. 'कंप्यूटर' शब्द का प्रथम प्रयोग किस अंग्रेजी लेखक की पुस्तक में पाया जाता है ---

(A) रिचर्ड ब्रेथवेट (B) विल्हेम शीकार्ड

(C) ब्लेज पास्कल (D) मेरी जैकार्ड

4. हिन्दी में 'शब्द संसाधक' शब्द का प्रयोग इस के लिए किया जाता है ---

(A) टेक्स्ट एडिटर (B) वर्ड प्रौसेसर

(C) वेब दुनिया (D) हिन्दी टाइपिंग

5. इस श्रृंखला की अगली संख्या है : 2, 7, 28, 63, 126 ---

(A) 215 (B) 245

(C) 276 (D) 296

6. अंग्रेजी 'सेमिनार' शब्द का विकास मूलतः इस भाषा के शब्द से हुआ है ---

(A) जर्मन (B) लैटिन

(C) फ्रेंच (D) अरबिक

7. जब साहित्यिक शोध में विषय का निर्वाचन किया जाता है तो अपेक्षा की जाती है कि शोधार्थी ---

(A) खुले मन से विषय के बारे में सोचें

(B) शोध निर्देशक का अनुसरण करें

(C) विषय से जुड़े साहित्य का परिचय प्राप्त करें

(D) विश्लेषण के सैद्धांतिक आधार का निर्णय कर लें ।

8. दृष्टांत, कथन, और उदाहरण की आवश्यकता शोध में हमें इस दृष्टि से होती है ---

(A) विषय को रोचक बनाने के लिए

(B) विषय को बोध गम्य बनाने के लिए

(C) विषय के तार्किक निरूपण के लिए

(D) शोध निष्कर्ष प्रस्तुत करने के लिए

9. शाब्दिक संचार के कितने प्रकार होते हैं ---

(A) तीन (B) दो

(C) चार (D) कई

10. निगमनाक्रम तर्क की विशेषता है ---

(A) आलोचनात्मक कथन

(B) पर्याप्त साक्ष्य

(C) सामाजिक संगतता

(D) तार्किक संबंधों का अवलोकन

11. क्रिया-शोध (action research) किसे कहते हैं ---

(A) दार्शनिक-शोध (B) विषय-विश्लेषण

(C) व्यावहारिक-शोध (D) नियंत्रित-शोध

**निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यान पूर्वक पढ़े और प्रश्न संख्या 12 से 16 तक के उत्तर दीजिए।**

मानव वैज्ञानिक 10000 समाजों की बात करते हैं । गुर और स्कारलेट के अनुसार 5000 ऐसे समाज हैं जो अनुवंशिकता, संस्थाओं, विश्वासों, भाषा और स्थानीयता के आधार पर राष्ट्रीयता का दावा कर सकते हैं । बोल्डिंग ने 1979 में 159 देशों के 6276 जातीय समूहों की गणना की थी । ये सांस्कृतिक स्वायत्तता चाहते हैं ; पर इन सब में जीवन स्तर की कुछ अपेक्षाएं एक-सी हैं । विज्ञान और प्रौद्योगिकी, आधुनिक संचार माध्यम और खुली अर्थ-व्यवस्था के तर्क उन्हें जोड़ते भी हैं । सांस्कृतिक प्रश्नों पर व्यवस्था का विकेन्द्रित होना तथा अन्य क्षेत्रों में विभिन्न स्तरों पर उसका केन्द्रीकरण दोनों जरूरी है । यूरोपियन समुदाय और आसियन जैसे संगठन समय की आवश्यकता है, पर वे सांस्कृतिक अस्मिताओं का भक्षण नहीं कर सकते । छोटी अस्मिताएँ चाहती हैं कि उनकी आवाज़ भी सुनी जाये और वे भी निर्णय-प्रक्रिया में सहभागी हों । यह माँग जायज है और उसे स्वीकार भी करना चाहिए । सब छोटी अस्मिताओं के लिए बड़े राज्यों का विघटन न उपादेय होगा, न संभव । स्वायत्तता संवैधानिक पुनर्रचना से भी प्राप्त की जा सकती है । आवश्यकता है कि अल्पसंख्यकों के प्रश्न पर मानवीय संवेदना से विचार किया जाये और उन्हें आत्म-निर्णय का इतना अधिकार दिया जाये कि वे आश्वस्त हो सकें कि उनका आर्थिक, सामाजिक शोषण नहीं हो रहा है, और राज्यों के विराट लक्ष्यों की प्राप्ति में वे भी सहयोगी हैं ।

12. इस अनुच्छेद में किस समस्या की ओर संकेत किया गया है ---

(A) राष्ट्रीयता और जातीय समूहों की गणना

(B) खुली अर्थ-व्यवस्था और विकेन्द्रीकरण

(C) अल्प संख्यकों के प्रश्न

(D) अस्मितामूलक चिंतन और सांस्कृति के प्रश्न

13. राष्ट्रीयता का दावा किस आधार पर कर सकते हैं ?

(A) संवैधानिक पुनर्रचना

(B) सांस्कृतिक प्रश्नों पर व्यवस्था का विकेन्द्रीकरण

(C) भाषा और स्थानीयता

(D) आत्म निर्णय का अधिकार

14. यूरोपियन समुदाय और आसियन संगठन जैसे संगठन क्या नहीं कर सकते?

(A) व्यवस्था का विकेन्द्रीकरण

(B) सांस्कृतिक अस्मिता का भक्षण

(C) खुली अर्थ व्यवस्था का निर्माण

(D) आत्म-निर्णय अधिकार का विरोध

15. गुर और स्कारलेट के अनुसार कितने ऐसे समाज हैं जो अनुवंशिकता और भाषा के आधार पर राष्ट्रीयला का दावा कर सकते हैं ?

(A) 6276
(B) 10000
(C) 5000
(D) कोई नहीं

16. छोटी अस्मिताएँ क्या चाहती हैं ?

(A) व्यवस्था का केन्द्रीकरण
(B) जातीय समूहों की गणना
(C) आत्म-निर्णय का अधिकार
(D) निर्णय-प्रक्रिया में सहभागिता

17. नीचे दिए गए शब्दों में से तीन शब्द किसी स्तर पर समान हैं । उनमें से कोई एक भिन्न है। – उस भिन्न शब्द का पता लगाइए ।

(A) शिक्षक (B) प्राचार्य

(C) विद्यार्थी (D) प्रोफेसर

18. निम्नलिखित संख्या-श्रृंखला एक विशेष क्रम में आगे बढ़ रही है । यदि इसी क्रम से आगे बढ़ती जाए तो इसकी अगली संख्या क्यो होगी ?

5, 8, 13, 21, ......

(A) 55 (B) 34

(C) 52 (D) 37

19. निम्नलिखित संख्याओं में से एक संख्या किसी कारण से गलत है । वह संख्या कौन-सी है ? 2, 6, 10, 16, 20, 28, 35, 45

(A) 10 (B) 16

(C) 20 (D) 28

20. यदि किसी भाषा में PRACTICE को PICCTRAE के रूप में कूटबद्ध किया जाए तो FLAMES को कैसे कूटबद्ध करेंगे ?

(A) FEMALS (B) FALEMS

(C) FMELAS (D) FALMES

21. क और ख ने ग नामक स्थान से चलना शुरू किया । क पश्चिम की ओर गया और ख उत्तर की ओर समान गति से चलते हुए । कुछ समय बाद दोनों अपने बाँए मुड़े औ कुछ कदम चले । यदि वे फिर से अपनी बायी ओर मुड़े तो ग स्था को केन्द्र में रखकर उनके चेहरे किस की दिशा की ओर होंगे ।

(A) उत्तर और पूर्व (B) उत्तर और पश्चिम

(C) पश्चिम और उत्तर (D) पूर्व और पश्चिम

22. क, ख और ग की माता है । यदि घ ग का पति है तो क और घ के बीच क्या रिश्ता है ?

(A) माता (B) बहन

(C) चाची (D) सास

23. मेरा भाई मुझ से 562 दिन बड़ा है, जबकि मेरी बहन उससे भी 75 सप्ताह बड़ी है । यदि मेरी बहन का जन्म मंगलवार को हुआ हो, तो मेरा जन्म किस दिन हुआ होगा?

(A) गुरुवार (B) रविवार

(C) मंगलवार (D) सोमवार

24. राम ने अपने बेटे के जन्म दिन पर कुछ लड़कों और लड़कियों को बुलाया । दो लड़के लड़कियों से कम आए । राम ने प्रत्येक लड़के को दस रुपये दिए और प्रत्येक लड़की को बीस रुपये । यदि राम द्वारा दी गई धन राशि केवल 280 रुपये हो तो लड़कों की संख्या कितनी रही होगी ?--

(A) 25 (B) 15

(C) 10 (D) 8

25. आपके विश्वविद्यालय के छात्रावास के भोजनालय में पिछले दस दिनों से आपको जो दाल परोसी जा रही है, उसमें बहुत से पत्थर हैं । ऐसी स्थिति में आप क्या करेंगे ?

(A) दाल खाना छोड़ देंगे

(B) भोजनालय के प्रभारी को सूचित करेंगे और यदि कुछ निर्णय न लिया गया तो चीफ़-वार्डन से शिकायत करेंगे ।

(C) रसोइए से दाल बदलने के लिए कहेंगे ।

(D) अपनी दाल खरीदकर, अपने कमरे में पका लेंगे ।

26. निम्नलिखित कथन के चार उत्तर दिए गए हैं । उनमें से एक कथन की प्रामाणिकता सिद्ध करता है । "पर्वत के साथ एक तत्व अनिवार्य रूप से जुड़ा होता है ।"

(A) वृक्ष

(B) जानवर

(C) पानी

(D) ऊँचाई

27. चाँदी से प्लेटिनम की कीमत अधिक रहती है क्योंकि -

(A) वह चाँदी से भारी धातु है ।

(B) वह चाँदी से अधिक सफेद है ।

(C) वह मुश्किल से मिलता है ।

(D) वह चाँदी से अधिक बेहतर है ।

28. नीचे दिए गए दोनों कथनों को सत्य मानते हुए उनके तार्किक निष्कर्ष के रूप में किसी एक विकल्प का चयन कीजिए ।

*(क) सभी शिक्षक पिता हैं ।* *(ख) सभी लड़के शिक्षक हैं ।*

(A) सभी लड़के पिता है ।

(B) कोई लड़का पिता नहीं है ।

(C) कुछ शिक्षक लड़के हैं ।

(D) कुछ पिता लड़के हैं ।

29. नीचे दो कथन और उसके चार निष्कर्ष दिए गए हैं । आपको निश्चित करना है कि कौन-से निष्कर्ष तार्किक रूप से दिए गए कथनों का अनुसरन करते हैं ---

कथन -- : सभी बिल्लियाँ तोते हैं । कोई तोता हरा नहीं है ।

निष्कर्ष :- 1. कोई बिल्ली हरी नहीं है । 2. सभी तोते बिल्ली हैं ।

3. कुछ तोते बिल्ली हैं । 4. कुछ बिल्लियाँ हरी हैं ।

(A) केवल पहला निष्कर्ष अनुसरण करता है ।

(B) सभी निष्कर्ष अनुसरण करते हैं ।

(C) केवल दूसरा, तीसरा अनुसरण करता है ।

(D) केवल दूसरा चौथा अनुसरण करता है ।

30. नीचे दिए गए प्रश्नों के लिए दो तर्क दिए गए हैं । आपको निर्णय करना है कि कौन-सा तर्क प्रबल है, कौन-सा कमजोर है -

प्रश्न : क्या भारत की उच्च-शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी होना चाहिए ?

तर्क : 1. यहाँ तक कि विकसित देश लंदन और अमेरिका में भी उच्च-शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी है ।

तर्क : 2. हाँ, पूर्व विश्व में आज अंग्रेजी भाषा सबसे अधिक बोली जाती है ।

(A) केवल पहला तर्क प्रबल है ।

(B) केवल दूसरा तर्क प्रबल है ।

(C) दोनों में से कोई एक तर्क प्रबलतर है ।

(D) कोई तर्क प्रबल नहीं है ।

31. नीचे दिए गए कथन के दो अनुमान दिए गए हैं । आपको निर्णय करना है कि कौन-सा अनुमान दिए गए कथनों में अन्तर्निहित है ?

कथन :- इतिहासकारों ने तथ्यों को तोड़ -मरोड़ कर फायदा कम, नुकसान अधिक किया है ।

अनुमान 1. लोग इतिहासकारों के लिखे पर विश्वास कर लेंगे ।

अनुमान 2. इतिहासकारों से सत्य लिखने की अपेक्षा नहीं की जा सकती ।

(A) केवल पहला अनुमान अन्तर्निहित है । (B) केवल दूसरा अनुमान अन्तर्निहित है।

(C) दोनों अनुमान अंतर्निहित है । (D) कोई अनुमान अन्तर्निहित नहीं है ।

32. कक्षा में पढ़ाते समय यदि तुमसे कोई गलती हो जाती है और आपके विद्यार्थी उस गलती पर कड़ी प्रतिक्रिया करते हैं । तब आप क्या करेंगे ?

(A) आप सीमा से अधिक क्रोधित हो जाएँगे ।

(B) आप अपनी गलती पर खेद प्रकट करेंगे ।

(C) आप प्रतिक्रिया व्यक्त करने वाले विद्यार्थी को डाँट कर बिठा देंगे ।

(D) आप एक सप्ताह तक कक्षा लेना छोड़ देंगे ।

33. शोध किस पर आधारित होता है ?

(A) वैज्ञानिक पद्धति (B) प्रयोग

(C) वैज्ञानिक (D) सामान्य सिद्धान्त

34. निम्नलिखित में से कौन शोध का लक्षण नहीं है ।

(A) अप्रासंगिक आँकड़ों का चयन
(B) अप्रासंगिक आँकड़ों की व्याख्या
(C) अप्रासंगिक निष्कर्ष
(D) ऊपर के सभी

35. कोई शोधकर्ता पहले हो चुके शोधों में से किसी नई शोध-समस्या का चयन कैसे कर सकता है ?

(A) उन शोध कर्ताओं की सूचना इकट्ठा कर जो शोध कर चुके हैं ।
(B) उन शोधों का निर्देशन करने वालों से सूचना लेकर ।
(C) पुस्तकालय में सम्बन्धित साहित्य की खोज कर
(D) उपर्युक्त में से कोई भी नहीं

36. अपने शोध को मूल्योन्मुखी बनाने के लिए आप क्या करेंगे ?

(A) किसी अन्य से शोध करवा कर उसको ऊँचे दाम देंगे ।
(B) अपने सम्पन्न शोध कार्य को आप बड़ी कीमत पर बेचेंगे ।
(C) आप ईमानदारी और निष्ठा से शोध कार्य करेंगे ।
(D) दूसरों के शोध से सामग्री चुरा लेंगे ।

37. शोध लेख तैयार करने के लिए आवश्यकता क्या है ?

(A) व्यक्ति का शोधोन्मुखी होना
(B) व्यक्ति का शोध में रत होना ।
(C) व्यक्ति में शोध-वृत्ति का होना ।
(D) ऊपर के सभी ।

38. किसी कार्यशाला के मानव संसाधन हैं --

(A) आयोजक - संयोजक -विश्लेषक

(B) आयोजक - संयोजक - विश्लेषक - प्रतिभागी

(C) आयोजक - संयोजक -विश्लेषक - शोधार्थी

(D) ऊपर का कोई नहीं

39. कोई संगोष्ठी किसी शोध कर्ता को कौन-से अवसर प्रदान करती है ?

(A) विचारों की अभिव्यक्ति (B) विचारों का आदान-प्रदान

(C) तत्कालिक-ज्ञान (D) सभी

40. शोध की ऐतिहासिक पद्धति का संबंध किससे होता है ?

(A) केवल इतिहान्मुख शोध से ।

(B) इतिहास और पुरातत्व विषय के शोध से ।

(C) सभी विषयों के इतिहास शोधों से ।

(D) उपर्युक्त में से किसी से भी नहीं ।

## Part - B

41. जयशंकर प्रसाद द्‌वारा लिखित नाटक नहीं है –

(A) सन्यासी (B) राजश्री

(C) अजातशत्रु (D) कामना

42. 'अनघ' के लेखक हैं --

(A) वियोगी हरि
(B) कामताप्रसाद गुरु
(C) जमनादास मेहरा
(D) मैथिलीशरण गुप्त

43. जी.पी. श्रीवास्तव द्वारा लिखित प्रहसन नहीं है --

(A) लबड़ धौं धौं
(B) उलटफेर
(C) भूलचूक
(D) दुमदार आदमी

44. 'संयोगिता स्वयंवर' की समीक्षा किसने लिखी थी ? --

(A) अंबिकादत्त व्यास
(B) बालमुकुंद गुप्त
(C) गंगाप्रसाद अग्निहोत्री
(D) बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन'

45. 'भरत बाहुबलिरास' के रचयिता हैं --

(A) विमलदेव सूरि
(B) हरिचन्द्र सूरि
(C) शालिभद्र सूरि
(D) पुष्पदंत

46. 'अग्निबीज' के लेखक हैं --

(A) मार्कण्डेय
(B) काशीनाथ सिंह
(C) विनोद कुमार शुक्ल
(D) सुरेन्द्र वर्मा

47. 'मैं भंगी हूँ' के लेखक हैं --

(A) तुलसीराम
(B) जयप्रकाश कर्दम
(C) भगवानदास मोरवाल
(D) सूरजपाल चौहान

48. प्रेमचंद का पहला उर्दू उपन्यास धारावाहिक रूप में किस अखबार में छपा था ? --

(A) उर्दू-ए-मुआवला (B) ज़माना

(C) आवाम-ए-खलक (D) मर्यादा

49. जॉन गालस्वर्दी के नाटक 'द सिलवर बाक्स' का हिन्दी में 'चाँदी की डिबिया' नाम से अनुवाद किसने किया था --

(A) प्रेमचन्द (B) जैनेन्द्र

(C) अज्ञेय (D) निर्मल वर्मा

50. पं. हजारीप्रसाद द्विवेदी द्वारा लिखित संस्मरण है --

(A) रेखाएँ बोल उठीं (B) पथचिह्न

(C) मृत्युंजय रवीन्द्रनाथ (D) जो न भूल सका

51. 'समय के पाँव' संस्मरण के लेखक हैं --

(A) बनारसीदास चतुर्वेदी (B) रामनाथ सुमन

(C) सियारामशरण गुप्त (D) माखनलाल चतुर्वेदी

52. 'साठ वर्ष : एक रेखांकन' आत्मकथा के लेखक हैं --

(A) सुमित्रानंदन पंत (B) निराला

(C) जयशंकर प्रसाद (D) अज्ञेय

53. 'रस्मोरिवाज़ भाखा का दुनिया से उठ गया ।' - यह कथन किसका है --

(A) इंशाअल्ला खाँ (B) सदलमिश्र

(C) राजा लक्ष्मण सिंह (D) सदासुखलाल

54. इनमें से कौन 'दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा' का आजीवन सभापति रहा ? --

(A) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद (B) डॉ. रामास्वामी अय्यर

(C) गाँधी जी (D) काका कालेलकर

55. नीचे वाक्यों के कर्ताओं में से कौन सक्रिय कर्ता नहीं है --

(A) राम पिटता है । (B) राम पीटता है ।

(C) राम गेंद खेलता है । (D) राम भोजन करता है ।

56. भाषा-व्यवस्था (लॉग) और भाषा-व्यवहार (पैरोल) सिद्धांत का प्रतिपादन किया है --

(A) देरिदा (B) नोम चोम्सकी

(C) ब्लूमफील्ड (D) सस्यूर द फर्दिनांद

57. भाषा-विज्ञान में व्युपादक-व्याकरण (जेनेरेटिव ग्रामर) के प्रणेता हैं --

(A) हावर्ड लास्निक (B) डेविड लाइटफूट

(C) भोलानाथ तिवारी (D) नोम चोम्सकी

58. छन्दशास्त्र में 'पाद' का अर्थ है --

(A) छन्द का चतुर्थ भाग (B) छन्द का आधा भाग

(C) छन्द का तिहाई भाग (D) छन्द का दो-तिहाई भाग

59. क्षेमेन्द्र ने औचित्य के कितने भेद बताए हैं --

(A) 20 (B) 17

(C) 37 (D) 27

60. किसी कारणवश लोकोत्तर अर्थ का बोधक जो वचन है उसे कहते हैं --

(A) वक्रोक्ति अलंकार

(B) अतिशयोक्ति अलंकार

(C) अनुप्रास अलंकार

(D) अपस्तुति अलंकार

61. लावण्य किसे कहते हैं ? --

(A) अंगों की निर्दोषता को

(B) अलंकारों के योग को

(C) अंगों के द्वारा अभिव्यक्त होने वाला तथा अंगों से भिन्न धर्मोत्तर स्वरूप को

(D) अलंकार रहितता को

62. कौन-सा भेद 'विवक्षितान्यपरवाच्य ध्वनि' का नहीं है ?

(A) संलक्ष्यक्रमव्यंग्य ध्वनि (B) असंलक्ष्यक्रमव्यंग्य ध्वनि

(C) अर्थान्तरसंक्रमितवाच्य ध्वनि (D) वस्तु ध्वनि

63. कौन-सा भेद पद दोष के अन्तर्गत नहीं आता ?

(A) गाम्यत्व (B) असाधुत्व

(C) वाक्यत्व (D) विसंधित्व

64. 'रस मीमांसा' के लेखक हैं --

(A) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल (B) डॉ. नगेन्द्र

(C) डॉ. राममूर्ति त्रिपाठी (D) आचार्य नन्द दुलारे वाजपेयी

65. कौन ध्वनिवादी आचार्य नहीं है ?

(A) रूप गोस्वामी (B) मम्मट

(C) जयदेव (D) हेमचन्द्र

66. 'व्यक्ति विवेक' के लेखक हैं --

(A) जयदेव (B) उद्भट

(C) महिम भट्ट (D) रूद्रट

67. गुणों की समता देखकर उपमान के साथ उपमेय का जो तादात्मय निरूपित किया जाता है उसे कहते हैं --

(A) दीपक अलंकार (B) रूपक अलंकार

(C) उत्प्रेक्षा अलंकार (D) उपमा अलंकार

68. कृतियों और लेखकों के सही जोड़े हैं --

(A) (अ) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र - हिन्दी नाट्य साहित्य का विकास (1929)

(आ) ब्रजरत्न दास - हिन्दी नाट्य साहित्य (1938)

(इ) गुलाबराय - हिन्दी नाट्य विमर्श (1940)

(ई) दिनेश नारायण उपाध्याय - हमारी नाट्य परंपरा (1940)

(B) (अ) ब्रजरत्न दास - हिन्दी नाट्य साहित्य का विकास (1929)

(आ) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र - हिन्दी नाट्य साहित्य (1938)

(इ) गुलाबराय - हिन्दी नाट्य विमर्श (1940)

(ई) दिनेश नारायण उपाध्याय - हमारी नाट्य परंपरा (1940)

(C) (अ) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र - हिन्दी नाट्य साहित्य का विकास (1929)

(आ) ब्रजरत्न दास - हिन्दी नाट्य साहित्य (1938)

(इ) दिनेश नारायण उपाध्याय - हिन्दी नाट्य विमर्श (1940)

(ई) गुलाबराय - हमारी नाट्य परंपरा (1940)

(D) (अ) गुलाबराय - हिन्दी नाट्य साहित्य का विकास (1929)

(आ) ब्रजरत्न दास - हिन्दी नाट्य साहित्य (1938)

(इ) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र - हिन्दी नाट्य विमर्श (1940)

(ई) दिनेश नारायण उपाध्याय - हमारी नाट्य परंपरा (1940)

69. कबीर पर लिखी कृतियों के सही जोड़े हैं --

(A) (अ) कबीर वचनावली - श्याम सुंदरदास

(आ) कबीर ग्रंथावली - हरिऔध

(इ) कबीर - राम कुमार वर्मा

(ई) कबीर का रहस्यवाद - हजारी प्रसाद द्विवेदी

(B) (अ) कबीर वचनावली - हरिऔध

(आ) कबीर ग्रंथावली - श्यामसुन्दर दास

(इ) कबीर - हजारी प्रसाद द्विवेदी

(ई) कबीर का रहस्यवाद - रामकुमार वर्मा

(C) (अ) कबीर वचनावली - हजारी प्रसाद द्विवेदी

(आ) कबीर ग्रंथावली - रामकुमार वर्मा

(इ) कबीर - श्यामसुंदर दास

(ई) कबीर का रहस्यवाद - हरिऔध

(D) (अ) कबीर वचनावली - रामकुमार वर्मा

(आ) कबीर ग्रंथावली - हजारी प्रसाद द्विवेदी

(इ) कबीर का रहस्यवाद - हरिऔध

(ई) कबीर - श्यामसुन्दर दास

70. 'विशाल भारत', 'हंस', 'मनोरमा', 'चाँद' साहित्यिक मासिक पत्रिकाओं का प्रकाशन-वर्ष के अनुसार सही क्रम है --

(A) विशाल भारत, हंस, चाँद, मनोरमा

(B) चाँद, मनोरमा, विशाल भारत, हंस

(C) मनोरमा, विशाल भारत, चाँद, हंस

(D) हंस, चाँद, विशाल भारत, मनोरमा

71. 'भाषा योग वाशिष्ठ्य' नामक कृति के रचनाकार कौन थे ?

(A) श्रद्धाराम फिल्लोरी
(B) रामप्रसाद निरंजनी
(C) शिवप्रसाद सितारे हिन्द
(D) हरिश्चन्द्र

72. दिनकर जी ने 'काम अध्याय' का निरूपण किस कृति में किया है –

(A) रश्मिरथी
(B) कुरुक्षेत्र
(C) उर्वशी
(D) रेणुका

73. 'पद्मावत' में खण्डों की संख्या कितनीं हैं --

(A) 49
(B) 59
(C) 57
(D) 45

74. रामचन्द्र शुक्ल ने किस रचना को छंदों का अजायबघर कहा ?

(A) पद्मावत
(B) रामचरितमानस
(C) रामचन्द्रिका
(D) साकेत

75. 'हनुमन्नाटक' के लेखक हैं --

(A) प्राणचंद चौहान
(B) रत्नाकर
(C) चिंतामणि
(D) हृदयराम

76. 'गौड़ीय संप्रदाय' के प्रवर्तक हैं --

(A) चैतन्य महाप्रभु
(B) हरिदास
(C) निम्बार्काचार्य
(D) इनमें से कोई नहीं

77. किस संत कवि को हठयोग, ध्यान योग, प्रेमयोग आदि योग विधियों का ज्ञाता माना जाता है --

(A) नानक (B) रैदास

(C) सुन्दरदास (D) मलूकदास

78. 'रामरक्षास्तोत्र' के रचनाकार हैं --

(A) आचार्य रामानंद (B) तुलसीदास

(C) केशवदास (D) अग्रदास

79. 'प्रेमवाटिका' और 'दानलीला' किसकी रचनाएँ हैं --

(A) मीरां बाई (B) रसखान

(C) स्वामी हरिदास (D) रामराय

80. 'रस सारांश' और 'श्रृंगारनिर्णय' के रचनाकार हैं --

(A) भिखारीदास (B) सोमनाथ

(C) रसिक गोविंद (D) प्रताप सिंह

---0----